हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, शनिवार 14 मार्च 2026


तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 18.0 डिग्री


10 स्वच्छता अभियान में महिलाओं की भागीदारी...





10 जींद में बार काउंसिल चुनाव के लिए चार...




## खबर संक्षेप

### कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

**जींद।** गांव बीबीपुर के निकट तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार व्यक्ति घायल हो गया। सदर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर फरार कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फतेहगढ़ निवासी कुलदीप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका पिता बलबीर बाइक पर सवार होकर भिवानी रोड से जा रहा था। बीबीपुर के निकट कार ने उसके पिता की बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें उसका पिता गंभीर रूप से घायल हो गया।

### महिला आरोपी सहित दो भगौड़े गिरफ्तार

**कैथल।** पीओ पकड़ो पकड़ो स्टाफ द्वार अलग अलग 2 मामलों में एक महिला आरोपी सहित 2 भगौड़े आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पीओ पकड़ो स्टाफ प्रभारी एसआई ओमप्रकाश की अगुवाई में एएसआई महा सिंह द्वारा महिला आरोपी जिला जींद के गांव छात्तर निवासी सुमन उर्फ मुकेश को गिरफ्तार किया गया। महिला आरोपी पर जून 2021 में प्योदा रोड़ कैथल स्थित एक मकान से अलमारी से नकदी व आभूषण चोरी करने का आरोप है।

### जमीन विवाद में दो घायल, छह पर केस

**जींद।** गांव भागखेड़ा में जमीन विवाद के चलते हमला कर दो भाइयों को घायल करने पर पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच की जा रही है। गांव भागखेड़ा निवासी रितिक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनका परिवार के ही रामकुमार से जमीन विवाद चल रहा है। उसी विवाद के चलते राजकुमार परिवार ने उस पर हमला कर दिया। जब उसका भाई रितेश उसे बचाने पहुंचा तो आरोपितों ने उस पर हमला कर दिया।

### राजौंद में आज से होगी एरिया सभा की बैठक

**राजौंद।** नगर पालिका राजौंद द्वारा एरिया सभा की बैठकों का आयोजन 14 और 15 मार्च को किया जाएगा। इस संबंध में नगर पालिका सचिव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जानकारी दी। बताया कि 14 मार्च को प्रातः 10 बजे वार्ड नंबर 1 से 4 तक तथा दोपहर 2 बजे वार्ड नंबर 5 से 8 तक बैठक आयोजित की जाएगी। वहीं 15 मार्च को प्रातः 10 बजे वार्ड नंबर 9 से 12 तक तथा दोपहर 2 बजे वार्ड नंबर 13 की बैठक नगर पालिका कार्यालय में होगी।

### संदिग्ध हालात में मां व बेटा लापता, मामला दर्ज

**जींद।** गांव रिटोली से मां व बेटे के संदिग्ध हालात में गायब होने पर पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। रिटोली निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 11 मार्च रात को उसकी पुत्रवधु अपने पौते के साथ घर से गायब हो गई। तलाशने करने पर उसकी पुत्रवधु-पौते का कोई सुराग नही लगा। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है।

### करेला में खेत से इंवर्टर बैट्री चोरी, शिकायत दर्ज

**जींद।** गांव करेला खेतों से इन्वर्टर, बैटरी व अन्य सामान चोरी करने पर जुलाना थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया है। गांव करेला निवासी पवन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात चोरों ने उसके खेत से इन्वर्टर, बैटरी, बिजली मोटर व अन्य सामान को चोरी कर लिया। घटना का उस समय पता चला जब वह खेत में पहुंचा। जुलाना थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## गैस किल्लत.....




जींद। सुबह साढे आठ बजे लगी गैस एजेंसी के बाहर उपभोक्ताओं की लाइन। फोटो :हरिभूमि

# जिले में पेट्रोल, डीजल, सीएनजी और गैस की कोई कमी नहींः आर्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

■ अफवाहों से बचें-पेट्रोलियम पदार्थों का अनावश्यक भंडारण न करें

जिला खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले नियंत्रक विभाग के डीएफएसओ राजेश कुमार आर्य ने बताया कि हरियाणा सरकार के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव के निर्देशानुसार के जिले में पेट्रोल, डीजल, सीएनजी तथा एलपीजी गैस की आपूर्ति एवं वितरण को सुचारू रूप से बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा.निर्देश जारी किए गए हैं। बताया कि निर्देशों के तहत जिला प्रशासन तथा पुलिस प्रशासन को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा है कि पेट्रोलियम पदार्थों एवं गैस की आपूर्ति और वितरण में किसी प्रकार की बाधा न आए। पेट्रोल पंपों तथा गैस एजेंसियों पर टैंकरों की आवाजाही सुरक्षित और सुचारू रूप से बनी रहे। यदि कहीं हड़तालए विरोध या मार्ग अवरोध जैसी स्थिति उत्पन्न होती है तो उसे तुरंत नियंत्रित किया जाए ताकि आम नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। डीएफएसओ ने बताया कि पेट्रोलियम कंपनियों के बिक्री अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने अधीन आने वाले पेट्रोल पंपों और गैस एजेंसियों के सेल और स्टॉक की रिपोर्ट प्रतिदिन विभाग की ईमेल आईडी पर भेजना सुनिश्चित करें ताकि जिले में पेट्रोलियम पदार्थों की उपलब्धता की नियमित निगरानी की जा सके। इसके साथ ही जमाखोरी और कालाबाजारी पर सख्त निगरानी रखने तथा आम लोगों को घबराहट में अधिक मात्रा में ईंधन या गैस का भंडारण न करने की अपील भी की।

# जींद में गैस सिलेंडर के लिए मारामारी

## सुबह उठते ही उपभोक्ता लगा रहे गैस एजेंसियों के बाहर लाइनें

जींद में 24 एजेंसी जिनके तीन लाख 18 हजार 173 गैस कनेक्शन उपभोक्ता हैं हर दिन एक हजार कमर्शियल और साढ़े 13 हजार घरेलू सिलेंडरों की मांग। हालांकि कमर्शियल सिलेंडर तो मिलने ही बंद हैं।

पुरूषों की बजाए महिलाओं की संख्या रह रही अधिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

प्रशासन लाख गैस सिलेंडरों की कमी न होने की बात कह रहा हो लेकिन जींद की जनता इस पर यकीन नही कर पा रही है। भविष्य में गैस सिलेंडर घर में उपलब्ध रहे, इसको लेकर सुबह ही घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की बुकिंग के लिए उपभोक्ता गैस एजेंसियों के बाहर लंबी-लंबी कतारें लगा रहे हैं। शहर में कोई ऐसी गैस एजेंसी नही है, जिसके बार गैस सिलेंडरों के लिए लाइन न लग रही हो। उपभोक्ता ऑनलाइन या फोन बुकिंग की बजाय फिजिकल तरीके से बुकिंग करवाने पर ज्यादा भरोसा जता रहे हैं। खास बात यह है कि इन लाइनों में पुरुषों की तुलना में महिलाओं की संख्या काफी अधिक देखी जा रही है। दोपहर तक भी एजेंसियों के बाहर भीड़ बनी रहती है। जिससे लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। यह स्थिति हाल के दिनों में बढ़ी है जब ईरान, इजरायल तनाव और वैश्विक ईंधन संकट के चलते गैस सप्लाई पर असर पड़ने की आशंका से उपभोक्ताओं में पैनिक

### फिजिकल बुकिंग पर जता रहे भरोसा



फैल गया है। सरकार ने जमाखोरी रोकने के लिए आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत सख्ती बरती है और घरेलू गैस सिलेंडर की बुकिंग की न्यूनतम अवधि 21 दिनों से बढ़ाकर 25 दिनों कर दी है। साथ ही ऑनलाइन सिस्टम में भारी ट्रैफिक या तकनीकी खराबी के कारण बुकिंग नहीं हो पा रही है। जिससे लोग सीधे एजेंसियों पर पहुंच रहे हैं। कई उपभोक्ताओं का कहना है कि ऑनलाइन बुकिंग करने पर सिलेंडर डिलीवरी में देरी हो रही है या सर्वर डाउन रहता है। जिस से वो बुकिंग तक नही कर पा रहे हैं। इसलिए वे खुद जाकर बुकिंग करवा रहे हैं। हालांकि गैस कंपनियां और अधिकारी दावा कर रहे हैं कि घरेलू सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता है लेकिन परेशानी बुकिंग से स्थिति बिगड़ रही है। जिले में इस समय कुल 24 गैस एजेंसी हैं। जिनके तीन लाख 18 हजार 173 गैस कनेक्शन उपभोक्ता हैं। जिले में प्रतिदिन एक हजार कमर्शियल सिलिंडर और करीब साढ़े 13 हजार घरेलू सिलेंडर मांग रहती है। हालांकि कमर्शियल सिलेंडर तो मिलने ही बंद है। बावजूद इसके घरेलू गैस सिलेंडरों को लेकर भी लोगों में मारामारी है।

### डाहौला में गैस-ईंधन संकट पर महिलाओं ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

ईरान-इजराइल और अमेरिका के बीच जारी युद्ध के कारण अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल और गैस की सप्लाई प्रभावित होने के चलते हरियाणा प्रदेश महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष लाजवंती डाहौला के नेतृत्व में महिलाओं ने डाहौला गांव में सरकार के खिलाफ रोष प्रदर्शन कर नारेबाजी की। इस दौरान लाजवंती डाहौला ने बताया कि ईरान द्वारा कच्चे तेल की आपूर्ति में रुकावट के चलते ईंधन और एलपीजी गैस की उपलब्धता पर असर पड़ रहा है। जिससे आम जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

उन्होंने कहा कि गैस सिलेंडर के दाम लगातार बढ़ रहे हैं, उसके बावजूद भी समय पर सिलेंडर उपलब्ध नहीं हो पा रहा। जिससे गृहणियों को रसोई चलाने में कठिनाई हो रही है। जिला अध्यक्ष लाजवंती डाहौला ने चेतावनी दी कि यदि समस्या का जल्द समाधान नहीं हुआ तो महिला कांग्रेस बड़े स्तर पर आंदोलन करेगी।

# सफीदों फैक्ट्री अग्निकांड के बाद पुलिस के रडार पर 50 ठिकाने

## सफीदों फैक्टरी मामले में तीन दबोचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह ने कहा कि जिला में गैस व अन्य घरेलू सामान की कालाबाजारी करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। विभागीय टीमें लगातार कालाबाजारी करने वालों पर नजर रखे हुए हैं। वहीं सफीदों की गीता कालोनी में रंग फैक्टरी में हुई आगजनी के तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस की रडार पर जिले के 50 ठिकाने हैं।

पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह शुक्रवार को अपने कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मामले की जांच लगातार जारी है और पारदर्शिता बनाई रखी जा रही है। घटना के दिन ही मुकद्मा दर्ज कर लिया गया था। जिस स्थान पर यह हादसा हुआ था, उसके मालिक को गिरफ्तार किया गया है। इसके अलावा एफआईआर में नामजद दो अन्य आरोपितों को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। कुछ अन्य संदिग्ध लोगों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ की जा रही है। पुलिस को उम्मीद है कि अगले एक-दो दिनों में मामले में अन्य संभावित आरोपितों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### अवैध फैक्टरी को किया जा रहा सील: एसपी

एसपी कुलदीप सिंह ने कहा कि घटना के बाद अहतियाति कदम भी उठाए हैं। पूरे जींद जिले में ऐसे स्थानों की पहचान की गई है, जहां इसी प्रकार के अवैध या असुरक्षित कारखाने या गोदाम संचालित होने की आशंका है। इन स्थानों की सूची तैयार कर उपायुक्त को भेजी गई है ताकि संबंधित विभागों के माध्यम से आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

### जांच के लिए एसआईटी का गठन

एसपी कुलदीप सिंह ने कहा कि मामले की निष्पक्ष और गहन जांच के लिए एसआईटी का गठन किया गया है। इस टीम का नेतृत्व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सोनाक्षी कर रही हैं। टीम में सफीदो के डीएसपी, संबंधित थाना प्रभारी तथा सीआईए इंचार्ज को भी शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि यह मामला आग लगने के साथ-साथ दम घुटने (सफोकेशन) से जुड़ा हुआ है। हादसे में अब तक 10 लोगों की मृत्यु हो चुकी है। पीड़ितों के न्यायिक बयान दर्ज कराने के लिए उन्हें पीजीआईएमएस में न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश करने का प्रयास किया गया लेकिन उस समय उनकी हालत बयान देने के लिए उपयुक्त नही थी। वहीं जो प्रत्यक्षदर्शी और अन्य घायल अब स्वस्थ होकर घर लौट चुके हैं, उनसे लगातार पूछताछ की जा रही है और उनके बयानों का क्रॉस वेरिफिकेशन किया जा रहा है। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि मामले में नामजद आरोपितों द्वारा सफीदो सदर क्षेत्र में एक और गोदाम या फैक्टरी चलाई जा रही थी।



मंडवाल रोड पर सड़क किनारे झुकी झाड़ियों के कारण संकरी सड़क का दृश्य।

### झाड़ियां बनीं परेशानी, दुर्घटना का खतरा बढ़ा

**राजौंद ।** राजौंद से गांव मंडवाल जाने वाली सड़क पर किनारों पर उगी और झुकी हुई झाड़ियां लोगों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई हैं। स्थिति यह है कि कई स्थानों पर सड़क से गुजरना भी मुश्किल हो जाता है। खासकर रात के समय यहां से वाहनों का आवागमन करना जोखिम भरा हो जाता है। इस मार्ग पर छोटे-छोटे बच्चों का स्कूल भी पड़ता है, जिसके चलते स्कूल वाहनों और अन्य वाहनों को आते-जाते समय दुर्घटना का खतरा बना रहता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्होंने कई बार संबंधित विभाग से सड़क किनारे उगी जंगली झाड़ियों और पेड़ों की टहनियों को कटवाने की मांग की है, लेकिन अब तक इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते इन झाड़ियों को नहीं हटाया गया तो कभी भी कोई हादसा हो सकता है।

# भ्रष्टाचार के मामले में दोषी सहायक उप निरीक्षण को चार साल की कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कैथल में अतिरिक्त सैशन जज नंदिता कौशिक की अदालत ने रिश्वत के मामले की सुनवाई करते सहायक उप निरीक्षक को 4 साल की कैद और 50 हजार जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना न देने पर 5 माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। इस बारे में भागल निवासी संदीप ने 12 दिसंबर 2023 को केस दर्ज करवाया था। इसी केस में दूसरे सहायक उप निरीक्षक हरपाल को बरी कर दिया है, क्योंकि उसने सीधे पैसों की मांग नहीं की और न ही पैसे लिए थे। अभियोजन पक्ष की ओर से केस की पैरवी एडीए कुलदीप गर्ग ने की। शिकायत के अनुसार 14 अक्टूबर 2023 को महावीर और कर्म सिंह वगैरा निवासी भागल के साथ झगड़ा होने पर महावीर ने शिकायतकर्ता संदीप, उसकी माता कृष्णा देवी और पड़ोसी जयपाल व जयपाल के लड़कों शेखर और अमन के खिलाफ थाना चीका में मुकदमा दर्ज करवाया था।

### रिश्वत के पैसों सहित पकड़ा था

संदीप ने 60 हजार लाकर उनसे संपर्क किया और सतीश को पैसे देकर भेजा। सतीश ने बाहर आकर संदीप को बताया कि 50 हजार बलविन्द्र ने और 10 हाजर एएसआई हरपाल ने लिए हैं। इसके बाद 7 दिसंबर को संदीप चौकी में गया तो एएसआई बलविन्द्र ने उसका, पड़ोसी जयपाल के लड़कों अमन और शेखर का नाम मुकदमा से निकालने की ऐवज में प्रत्येक के 50 हजार मांगे। संदीप के अनुसार वह रिश्वत नहीं देना चाहता था। उसने इसकी शिकायत एसीबी में कर दी। इस बारे में पहले चीका थाना में केस दर्ज किया गया, बाद में उसे विजिलेंस अंबाला को सौंप दिया। टीम ने योजना के अनुसार संदीप को 10 हजार देकर बलविंद्र के पास भेजा और उसे रिश्वत के पैसों सहित रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया।

# हाउसिंग बोर्ड में महिला ने फंदा लगा दी जान, पति सहित पांच नामजद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

■ पखवाड़ा पहले मायके से लौटी थी खुशबू, प्रताड़ित करने का आरोप

हाउसिंग बोर्ड में संदिग्ध हालात में महिला ने फांसी का फंदा कर आत्महत्या कर ली। सिविल लाइन थाना पुलिस ने मृतका के पिता की शिकायत पर पति समेत पांच लोगों के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हाउसिंग बोर्ड कालोनी निवासी हेमंत की पत्नी खुशबू (26) ने संदिग्ध हालात के चलते अपने चौबारे में फांसी का फंदा लगा लिया। फंदा चुन्नी से बनाया था। घटना की सूचना पाकर सिविल लाइन थाना पुलिस फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। मृतका के पिता गांव पिपराया जिला जलोर यूपी निवासी कर्ण सिंह ने शिकायत में बताया कि उसकी बेटी खुशबू की शादी 22 नवंबर 2025 को हाउसिंग बोर्ड कालोनी निवासी हेमंत के साथ हुई थी। गत 28 फरवरी को खुशबू मायके से लौटी थी। कर्ण सिंह ने आरोप लगाया कि शादी के बाद से खुशबू को ससुरालीजन प्रताड़ित करते आ रहे थे। उसी प्रताड़ना से परेशान होकर उसकी बेटी आत्महत्या करने को मजबूर हुई। पुलिस ने मृतका के पिता कर्ण सिंह की शिकायत पर पति हेमंत, सास शांति, ससुर अखिलेश, ननंद मानसी, गुनगुन के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



### महंत दूजपुरी के नेतृत्व में डीएसपी से मिले साधु

**कलायत।** बाबा लदाना डेरा के महंत दूजपुरी द्वारा मठ पर अवैध कब्जा एवं संपत्ति को खुर्दबुर्द करने व निजी प्रयोग में लाने के आरोपों पर सफाई देने के लिए कलायत उपमंडल के गांव बात्ता के बाबा राजपुरी डेरा महंत सामने आ गए हैं। महंत दूजपुरी अन्य महंतों को साथ लेकर कलायत डीएसपी कार्यालय में ब्यान दर्ज करवाने आए थे। उन्होंने कहा कि इससे पूर्व वे सारे मामले की शिकायत उपायुक्त कैथल से भी कर चुके हैं। उन्होंने आरोप लगाया की नरेश पुरी ने बात्ता मठ पर अवैध रूप से कब्जा किया है। सरकारी अधिकारियों से मिलीभगत कर मठ की 225 एकड़ जमीन का इंतकाल अपने नाम करवा लिया है। जबकि उन्हें मठ का महंत नहीं बल्कि कारोबारी नियुक्त किया गया था। उन्होंने आरोप लगाया की राजस्व रिकार्ड के कागजों में उनकी पहचान नरेश पुरी चेला देवी पुरी चेला रवि पुरी निवासी बडालवा जिला करनाल है। जब वे बात्ता गांव से संबंध ही नहीं रखते तो वे मठ की संपत्ति का इंतकाल अपने नाम कैसे करवा सकते हैं।

## दुविधा — सर्वाइकल कैंसर से बच्चियों को बचाने के लिए देशभर में लगाए जा रहे टीके

बड़ौदा पंचायत के प्रतिनिधियों ने स्कूल व उप स्वास्थ्य केंद्र का किया दौरा

# बच्चियों को एचपीवी टीकाकरण से पहले पंचायत ने विभाग और स्कूल से मांगी लिखित जिम्मेदारी

■ ग्रामीणों ने कहा-टीकाकरण से पहले उससे जुड़ी सभी शंकाओं का होना चाहिए निवारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सर्वाइकल कैंसर की एचपीवी वैक्सीनेशन को लेकर ग्राम पंचायत बडौदा ने सख्त रुख अपनाया है। ग्राम पंचायत के प्रतिनिधिमंडल ने सरकारी स्कूलों और उप स्वास्थ्य केंद्र का दौरा कर साफ शब्दों में कहा कि यदि गांव में बच्चियों को एचपीवी वैक्सीन लगाई जानी है तो संबंधित विभाग को इसकी जिम्मेदारी लेते हुए लिखित हलफनामा देना होगा। पंचायत प्रतिनिधियों ने कहा कि यह एफिडेविट स्कूल के प्रिंसिपल, वैक्सीन लगाने वाले डॉक्टर या सरकार की ओर से दिया जाना चाहिए। समें यह स्पष्ट हो कि यदि भविष्य में किसी भी प्रकार का स्वास्थ्य संबंधी दुष्प्रभाव सामने आता है तो उसकी जिम्मेदारी संबंधित विभाग या अधिकारी की होगी। प्रतिनिधिमंडल ने अधिकारियों को स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि जब तक इस विषय में लिखित जिम्मेदारी नहीं ली जाती, तब तक गांव में एक भी बच्ची को यह टीका नहीं लगाने दिया जाएगा। उनका कहना था कि बच्चों के स्वास्थ्य से जुड़े मामलों में पारदर्शिता और जवाबदेही अत्यंत आवश्यक है। पंचायत सदस्यों ने यह भी कहा कि टीकाकरण से पहले अभिभावकों को वैक्सीन के लाभ, संभावित साइड इफेक्ट और पूरी प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी जानी चाहिए। पंचायत प्रतिनिधियों ने बातचीत के दौरान यह भी कहा कि इस तरह के टीकाकरण अभियानों को लेकर ग्रामीणों में कई सवाल और आशंकाएं हैं।



जींद। स्वास्थ्य अधिकारियों से बातचीत करते पंचायत प्रतिनिधि। फोटो :हरिभूमि

### हमारा उद्देश्य योजनाओं का विरोध करना नहीं

ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों ने स्पष्ट किया कि उनका उद्देश्य किसी सरकारी योजना का विरोध करना नहीं है बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि गांव के बच्चों के स्वास्थ्य से जुड़ा हर निर्णय पूरी जिम्मेदारी और पारदर्शिता के साथ लिया जाए। क्योंकि सरकार को हमारी बच्चियों की शिक्षा और स्वास्थ्य की चिंता हो सकती है, लेकिन उनसे कहीं ज्यादा चिंता उनके माता-पिता और समाज को है। हमारे बच्चे हमारे अधिकार और हमारी जिम्मेदारी हैं। इसलिए उनके हित में सबसे सही फैसला भी हम ही सोच समझ कर ले सकते हैं। इस मौके पर मौजूदा सरपंच रेशम लाल, भूतपूर्व सरपंच सुधीर चहल, संदीप चहल, विनोद कुमार, जितेंद्र चहल, सुरेश पूनिया, रामबीर ठेकेदार, बलजीत चहल, आशीष सिहाग सहित कई गणमान्य ग्रामीण मौजूद रहे।

### रोडवेज बस को तरसे मंडवाल के ग्रामीण

**राजौंद।** गांव मंडवाल में बस सुविधा न होने से ग्रामीणों को पांच किमी का सफर पैदल तय करना पड़ रहा है। आलम यह है कि इस मौसम में सबसे ज्यादा मुश्किल स्कूल कालेज जाने वाली छात्र-छात्राओं व वृद्ध लोगों को करनी पड़ रही है। पिछले लंबे समय से मंडवाल के लोग बस सुविधा की मांग करते आ रहे है। परन्तु उनकी सुनने वाला कोई नही है। ग्रामीण कुलदीप बलविंद्र सिंह ने बताया कि इस मार्ग पर न तो कोई निजी वाहन चलता है और न ही सरकार द्वारा कोई बस सुविधा शुरू की गई है। लोगों को कैथल व राजौंद जाने के लिए चार से पांच किमी का सफर पैदल तय करना पड़ता है। लोगों ने बताया कि गांव में अधिकतर लोग गरीब परिवार से है जिनके पास कोई निजी साधन नही है। उन्हें राजौंद जाने के लिए भी कई तरह की दिक्कतें झेलनी पड़ती है। दूसरा गांव में केवल आठवीं कक्षा तक का ही स्कूल है इससे आगे की शिक्षा के लिए छात्र-छात्राओं को प्रतिदिन राजौंद आना पड़ता है।

## खबर संक्षेप

### नौगामा खाप के चबूतरे का उद्घाटन कल होगा

**जींद।** गांव रामराय में बने नौगामा खाप के चबूतरे का रविवार 15 मार्च को जिला परिषद चेयरपर्सन प्रतिनिधि कुलदीप रंधावा उद्घाटन करेंगे। इस मौके पर जिले की सभी खापों के प्रधान, सरपंच एसोसिएशन के जिला व ब्लाक प्रधान भी मौजूद रहेंगे। नौगामा खाप के प्रधान सुरेश बहबलपुर ने बताया कि पहली बार नौगामा खाप का चबूतरा बनकर तैयार हुआ है।

### संदिग्ध हालात में दो युवतियां लापता, केस

**जींद।** जिले में अलग-अलग स्थानों से दो युवतियों के संदिग्ध हालात में गायब होने पर संबंधित थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। चंद्रलोक कालोनी निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी बेटी घर से गायब हो गई। वहीं गांव घिमाना निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी बेटी घर से गायब हो गई।

### आज सरपट विकास के पथ पर दौड़ रहा उचाना

**उचाना।** भाजपा नेता मेवा करसिंधु ने कहा कि विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री की नेतृत्व में उचाना सरपट दौड़ रहा है। अब से पहले उचाना के विकास नजर नहीं आता था। बातें तो होती थी लेकिन काम नहीं होते थे। सवा साल के आस-पास का कार्यकाल विधायक का हुआ है। उचाना में लाखों करोड़ों के विकास कार्य आज चल रहे है। उचाना में सीएम नायब सिंह सैनी की विकास रैली में उमड़ी भीड़ निरंतर उचाना में बढ़ रही विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री की लोकप्रियता का प्रमाण है।

### भौंगरा स्कूल में स्टेम मेले का आयोजन

**उचाना।** रावमावि भौंगरा में स्टेम मेले का आयोजन हुआ। अध्यक्षता प्राचार्य प्रवेश खापड़ा ने की। मुख्य अतिथि एवं निरीक्षक के रूप में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान ईक्कस के शिक्षाविद विजय कुमार ने शिरकत की। कक्षा 6 से 8 के विद्यार्थियों साइंस, गणित एवं प्रौद्योगिकी के प्रति बच्चों में आकर्षण पैदा करने के लिए अपने मॉडल प्रस्तुत किए।

### भागवत कथा सुनना बहुत बड़ा पुण्यः शास्त्री

**जींद।** भागवत कथा सुनना और भजन करना जीवन को सफल बना देता है। यह बात शुक्रवार को जींद के दखनिया मंदिर में चल रही भागवत कथा में शुक्रवार को आचार्य डा. नरेश चंद्र शास्त्री ने कही। कहा कि भागवत कथा सुनना और इसे करवाना खुद में बहुत बड़ा पुण्य है। कथा के दौरान भगवान श्री कृष्ण की लीला का जीवंत वर्णन कर सभी को भगवान कृष्ण की भक्ति के रंग में रंग दिया।

### जींदः सीआरएसयू में कार्यशाला आयोजित

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में कुलगुरु प्रो. रामपाल सैनी के मार्गदर्शन में कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीडऩ की रोकथाम, जागरूकता एवं संवेदनशीलता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पोक्सो एक्ट की जानकारी देने के लिए विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के आईसीसी सेल द्वारा किया गया।

---

स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कार्यक्रम का आयोजन

# स्वच्छता अभियान में महिलाओं की भागीदारी अहम : डॉ. सैनी

**कचरे को इधर-उधर न फेंकें और गीले-सूखे कचरे को अलग-अलग रखें**

## स्वच्छ सर्वेक्षण में बेहतर प्रदर्शन के लिए नागरिकों का सहयोग जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

मिनिस्टरी ऑफ हाउसिंग एंड अर्बन अफेयर्स द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान में महिलाओं की भागीदारी नाम का कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसमे स्वछता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। इस मौके पर नगर परिषद अध्यक्ष डा. अनुराधा सैनी ने द्वारा बबली देवी सेव संस्था की सदस्य, सुमन और सुशीला आईईसी सदस्य, संतोष और कमला देवी सफाई कर्मचारी नगर परिषद जींद द्वारा सम्मानित किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं के योगदान को सराहना देना तथा समाज में स्वच्छता के प्रति जागरुकता बढ़ाना था। कार्यक्रम के दौरान नगर परिषद् जींद की चेयरपर्सन डा. अनुराधा सैनी ने कहा कि स्वच्छ शहर के निर्माण में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। कहा कि महिलाओं के सहयोग और जागरुकता से ही स्वच्छता अभियान को सफल बनाया जा सकता है। शहर की महिलाएं जिस तरह स्वच्छता के लिए आगे आकर कार्य कर रही हैं, वह पूरे समाज के लिए प्रेरणादायक है। इसके साथ ही डा० अनुराधा सैनी ने बताया कि महिला दिवस आठ मार्च से 14 मार्च तक यह कार्यक्रम पूरे जींद शहर में सफाई अभियान चलाया है। उन्होंने कहा कि नगर परिषद जींद स्वच्छता को लेकर निरंतर प्रयास कर रही है और स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में बेहतर प्रदर्शन के लिए नागरिकों का सहयोग आवश्यक है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे अपने घरों और आसपास के क्षेत्रों को साफ रखें, कचरे को इधर-उधर न फेंकें और गीले तथा सूखे कचरे को अलग-अलग रखें। डा. अनुराधा सैनी ने बताया कि प्लास्टिक का इस्तेमाल न करना, पर्यावरण संरक्षण के लिए बहुत ज़रूरी है।


जींद। महिला सफाई कर्मियों को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

नगर परिषद जींद द्वारा सभी नागरिकों से अपील की गई कि वे स्वच्छता अभियान में सक्रिय रूप से भाग लें और शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं स्वस्थ बनाने में अपना सहयोग दें। पर सफाई निरीक्षक अधिकारी नीलम रानी, संजीव चहल जिला संचालक स्वच्छ भारत मिशन, सेक्रेटरी सुमित दहिया, दीक्षांत शर्मा, सुनील शर्मा, सुशीला के साथ अन्य अधिकारी ओर सफाई कर्मचारी मौजूद रहे।

### प्लास्टिक के प्रयोग से बचें

सिंगल यूज प्लास्टिक जैसे बैग, स्ट्रॉ, कप और प्लेट्स का उपयोग बंद करें। इनके बजाय कपड़े के थैले, कांच की बोतलें, स्टील के बर्तन और बांस से बनी वस्तुओं का उपयोग अपनाएं। यह कदम प्रदूषण कम करने, समुद्री जीवन की रक्षा करने और स्वस्थ जीवन जीने के लिए आवश्यक है। इसके लिए सभी जींद वासियों से अपील की है कि आप जितना हो सके प्लास्टिक का प्रयोग न करे। इस अवसर पर नगर परिषद जींद के अधिकारियों द्वारा स्वच्छता से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि स्वच्छ शहर बनाने में आम नागरिकों की भागीदारी बहुत आवश्यक है और महिलाओं की सक्रिय भागीदारी से स्वच्छता अभियान को और अधिक मजबूती मिलती है। कहा कि महिलाएं समाज में परिवर्तन लाने की महत्वपूर्ण शक्ति हैं और उनके प्रयासों से स्वच्छता के प्रति लोगों में सकारात्मक सोच विकसित हो रही है। कार्यक्रम के अंत में स्वच्छता के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाली महिलाओं को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। साथ ही सभी उपस्थित लोगों को स्वच्छता बनाए रखने का आह्वान किया।

---

# नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल को दोबारा खुलवाने की मांग उठाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

चौधरी रणबीर सिंह विवि के छात्र संगठन इंडिपेंडेंट यूथ फ्रंट ने शुक्रवार को छात्रों की छात्रवृत्ति संबंधी गंभीर समस्या को लेकर विवि के रजिस्ट्रार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से छात्रों ने नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल को दोबारा खुलवाने की पुरजोर मांग उठाई।संगठन के प्रतिनिधि अमित ने बताया कि ये केवल औपचारिक आवेदन नही बल्कि सैकड़ों छात्रों की भविष्य की पुकार है। उन्होंने कहाकि तकनीकी कारणों से पोर्टल बंद होने के कारण बहुत से पात्र छात्र आवेदन नहीं कर पाए हैं। अगर प्रशासन और सरकार ने समय रहते हस्तक्षेप कर एनएसपी पोर्टल को दोबारा नहीं खुलवाया तो छात्रों को परेशानी उठानी पड़ेगी। संगठन के उपप्रधान मुकुल टंडन ने कहा कि छात्रवृत्ति गरीब और मध्यम वर्गीय छात्रों की पढ़ाई का आधार है। मांग की कि विवि प्रशासन तुरंत उच्च अधिकारियों और संबंधित मंत्रालय को इस संबंध में सिफारिश भेजे ताकि पोर्टल को पुनः सुचारू किया जा सके। अगर जल्द ही पोर्टल को रिओपन नही करवाया गया तो संगठन आंदोलन करने को मजबूर होगा। इस मौके पर राहुल चौहान, गौरव मुवाल, रमन, दीपांशु, प्रशांत, मनजीत, आयुष और जतिन सहित अन्य छात्र मौजूद रहे।




उचाना। मंडी में आई सरसों की फसल। फोटो :हरिभूमि

### 6500 से पार पहुंचे सरसों के भाव

**उचाना।** सरसों की आवक के साथ निरंतर प्राइवेट बोली पर सरसों के भाव एमएसपी से अधिक किसानों को मिल रहे है। सरकार द्वारा सरसों का एमएसपी भाव 6200 रुपए प्रति क्विंटल तक किया है। 27 मार्च से सरसों की खरीद शुरू होनी है। इन दिनों प्राइवेट बोली पर सरसों 6400 से 6545 रुपए प्रति क्विंटल तक बिक रही है। सरसों के बढ़े भावों से सरसों की बिजाई करने वाले किसानों के चेहरे खिले हुए है। कुछ दिनों से बढ़ रहे भाव से किसानों को उम्मीद है कि आने वाले दिनों में भाव सरसों के बढ़ते रहेंगे। मार्केट कमेटी सचिव योगेश ने कहा कि जो भाव इन दिनों मिल रहे है वो एमएसपी से अधिक मिल रहे है। किसानों को किसी तरह की परेशानी खरीद में नहीं आने दी जा रही है। मंडी में आते ही किसान की फसल बिक रही है।

### नपा परिसर में आज से दो दिवसीय एरिया सभा

**उचाना।** उचाना नगर पालिका परिसर में 14, 15 मार्च को अलग-अलग वार्डों की एरिया सभा आयोजित होगी। नपा सचिव अशोक डांगी ने बताया कि वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजनाके लाभार्थियों के भौतिक सत्यापन के लिए एरिया सभा का आयोजन किया जा रहा है। शनिवार को सुबह 10 बजे वार्ड नंबर 1 से 3, दोपहर 2 बजे वार्ड नंबर 4 से 6, रविवार को सुबह 10 बजे वार्ड नंबर 7 से 9, दोपहर 2 बजे वार्ड नंबर 10 से 13 की एरिया सभा आयोजित होगी। लाभार्थी अपने साथ पहचान पत्र (आधार कार्ड/वोटर कार्ड), पेंशन/ योजना से संबंधित मूल दस्तावेज, सक्रिय मोबाइल नंबर लेकर आए। सत्यापन मौके पर ही किया जाएगा, इसलिए लाभार्थी की उपस्थिति अनिवार्य है। बताया कि सत्यापन कार्य को सुचारू बनाने के लिए वार्डों को विभिन्न सत्रों में बांट कर ड्यूटी लगाई गई है।

---

### डीसी ने किया ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि अधिकारियों को निर्देश देते कहा कि ईवीएम मशीनें चुनाव प्रक्रिया का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। इसलिए उनकी सुरक्षा और पारदर्शिता सुनिश्चित करना बेहद जरूरी है। चुनाव से जुड़ी सभी व्यवस्थाओं में पारदर्शिता और जिम्मेदारी बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिकता है। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने यह निर्देश शुक्रवार को लघु सचिवालय में बनाए गए ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण करने दौरान दिए। इस दौरान उन्होंने वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था, रखरखाव और अन्य व्यवस्थाओं का गहनता से जायजा लिया। वेयरहाउस में स्थापित सीसीटीवी कैमरों, सुरक्षा व्यवस्था, रिकॉर्ड मेंटेनेंस तथा ईवीएम मशीनों की सुरक्षित स्टोरेज व्यवस्था की भी जानकारी ली। चुनाव नायब तहसीलदार प्रदीप सरोहा, कानूनगो नरेश आदि मौजूद रहे।


जींद। निरीक्षण करते डीसी मोहम्मद इमरान रजा। फोटो :हरिभूमि


जींद। बैठक करते हुए श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि

### नवरात्रों को लेकर श्रद्धालुओं की बैठक

**जींद।** 19 मार्च से शुरू हो रहे नवरात्रों को लेकर महाभारतकालीन जयंती देवी मंदिर में पुजारी नवीन कुमार शास्त्री के सान्निध्य में श्रद्धालुओं द्वारा बैठक का आयोजन किया । पुजारी नवीन कुमार शास्त्री ने बताया कि 19 मार्च को नवसंवत 2083 का शुभ आरंभ होगा व मां के पावन पवित्र चैत्र नवरात्र 19 से 27 तक रोजाना भजन संध्या होंगी। बताया कि 24 को मंदिर परिसर में भव्य जागरण होगा और 25 को सप्तमी मेला लगेगा। मेले में व्यवस्था के लिए श्रद्धालु अहम पारी संभालेंगे। इसके साथ-साथ सुरक्षा के दृष्टिगत पुलिस का भी सहयोग लिया जाएगा। बताया कि सप्तमी मेले पर मां के गुणगान के बीच प्रसाद का वितरण होगा। कपिल गर्ग, रोहित गोयल, राधे श्याम जिंदल, सुनील शांडिल्य, ओमप्रकाश शर्मा, कृष्ण कुमार, विशाल कामरा, रजनीश आहूजा सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे।

### मीटिंग को लेकर कार्यकर्ताओं में उत्साह

**उचाना।** ब्राह्मण धर्मशाला में 15 मार्च को होने वाली इनेलो की मीटिंग को लेकर मंगलपुर, नचार खेड़ा, डोहाना खेड़ा ,सुरबरा, दरोली खेड़ा सहित विभिन्न गांव में जाकर कार्यकर्ताओं, ग्रामीणों को निमंत्रण दिया। हलकाध्यक्ष समरजीत उर्फ बिल्लू पेगां ने कहा कि मीटिंग को लेकर कार्यकर्ताओं में उत्साह है। उचाना में होने वाली मीटिंग में प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा पहुंचेंगे। 23 मार्च को नरवाना में होने वाला युवा इनेलो सम्मेलन ऐतिहासिक होगा। इस सम्मेलन में उमड़ी भीड़ इस बात का प्रमाण होगी कि आने वाला कल इनेलो का है। प्रदेश का मतदाता जुबान के धनी अभय सिंह चौटाला को प्रदेश का सीएम बनाने का मन बना चुका है। भाजपा सरकार ने बुजुर्गों की पेंशन काटनी शुरू कर दी थी। जब इनेलो ने सरकार को अल्टीमेट दिया तो सरकार को बुजुर्गों की रूकी हुई पेंशन को खातों में डालने पर मजबूर होना पड़ा।


इनेलो की मीटिंग को लेकर निमंत्रण देते इनेलो पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता।



नपा में राजदुलारी एवं महिला सफाई मित्रों को सम्मानित करते हुए।

### रोजगार देने पर राजदुलारी को किया सम्मानित

**उचाना।** स्वच्छता भारत मिशन 2.0 के तहत स्वच्छता अभियान 8 मार्च से 14 मार्च तक चलेगा। महिला सफाई मित्रों को और जो महिला केंचुआ खाद बना रही है उनको सम्मानित किया गया। नगर पालिका सचिव अशोक डांगी के निर्देशानुसार कार्यक्रम आयोजित हुआ। नपा में आयोजित सम्मान समारोह में वार्ड नंबर 13 पार्षद राममेहर, वार्ड नंबर 10 एमएसी विक्रम पहुंचे। वार्ड नंबर 8 की राजदुलारी जो केंचुआ खाद का कार्य कर रही है। इसी क्षेत्र में उन्होंने कई महिलाओं को रोजगार दिया है। इस कार्य के लिए नगर पालिका द्वारा उन्हें सम्मानित किया। सफाई के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाली महिला सफाई मित्रों को भी सम्मानित किया। इस मौके पर विकास, आईईसी जीनत पूनिया, राजबीर सिंह, राकेश, दयानंद, रामनारायण, जयपाल मौजूद रहे।

---


जींद। साक्षात्कार देते आईटीआई पास छात्र। फोटो :हरिभूमि

### रोजगार मेले में 47 का चयन

**जींद।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जींद में शुक्रवार को प्रधानाचार्य नरेश कुमार की अध्यक्षता में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कंपनी याजाकी फरुखनगर गुरुग्रामने संस्थान में पहुंच कर विद्यार्थियों को रोजगार के अवसर प्रदान किए।कैंपस प्लेसमेंट प्रक्रिया के दौरान संस्थान के विभिन्न ट्रेडों के कुल 52 छात्रों ने पंजीकरण करवाया। कंपनी की चयन प्रक्रिया के तहत लिखित परीक्षण एवं साक्षात्कार आयोजित किए गए। कंपनी के अनुभवी प्रतिनिधियों द्वारा छात्रों की तकनीकी दक्षता, व्यवहार कुशलता, कार्य के प्रति समर्पण और अनुशासन का मूल्यांकन किया गया। पूरी चयन प्रक्रिया पारदर्शी, निष्पक्ष और योग्यता आधारित रही। साक्षात्कार एवं मूल्यांकन के बाद कुल 47 छात्रों का अंतिम रूप से चयन किया गया।

# देश और प्रदेश में एलपीजी गैस की कमी से फैली अव्यवस्था की जिम्मेदार केंद्र सरकार : डा. जैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

आप की महिला प्रदेश अध्यक्ष डा. रजनीश जैन ने देश और हरियाणा प्रदेश में लगातार गहराती एलपीजी गैस की किल्लत को लेकर केंद्र और प्रदेश सरकार पर कड़ा हमला बोला है। कहा कि आज देश और प्रदेश का आम आदमी रसोई गैस जैसी बुनियादी जरूरत के लिए भी परेशान हो रहा है लेकिन सरकार इस गंभीर समस्या के समाधान की बजाय केवल दावे और घोषणाएं करने में व्यस्त है। डा. रजनीश जैन ने कहा कि सरकार की गलत नीतियों, कमजोर प्रबंधन और आम जनता की समस्याओं के प्रति संवेदनहीन रवैये के कारण आज हालात यह हो गए हैं कि कई जगहों पर लोगों को समय पर एलपीजी गैस सिलेंडर नहीं मिल पा रहा। गैस एजेंसियों के बाहर लंबी-लंबी कतारें लग रही हैं और लोगों को कई-कई दिनों तक इंतजार करना पड़ रहा है। इसका सबसे ज्यादा असर आम परिवारों और विशेष रूप से महिलाओं पर पड़ रहा है। जिनके लिए रसोई गैस रोजमर्रा की जिंदगी का अहम हिस्सा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार हमेशा अच्छे दिनों और विकास की बड़ी-बड़ी बातें करती हैं लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि आज आम आदमी को अपनी रसोई चलाने तक में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

### आज हर जिले में होगा विरोध प्रदर्शन



एलपीजी गैस की किल्लत ने गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों की परेशानी और बढ़ा दी है। सरकार को चाहिए था कि समय रहते इस समस्या का समाधान करे लेकिन सरकार की लापरवाही और नाकामी के कारण आज पूरे प्रदेश में लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। इसी कड़ी में आम आदमी पार्टी 14 मार्च को हरियाणा के हर जिले के मुख्यालय पर जोरदार विरोध प्रदर्शन करेगी। इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिलाएं और पार्टी कार्यकर्ता शामिल होकर सरकार की नाकाम नीतियों के खिलाफ अपना रोष प्रकट करेंगे और सरकार को चेताने का काम करेंगे।


जींद। डीसी को ज्ञापन सौंपते समिति प्रतिनिधि। फोटो :हरिभूमि

### डीसी से मिला समिति प्रतिनिधि मंडल

**जींद।** छोटूराम किसान शिक्षा समिति के प्रतिनिधि शुक्रवार को डीसी मोहम्मद इमरान रजा से मिले। समिति प्रतिनिधियों ने समिति के चुनाव करवाने की मांग की। डीसी ने खाप प्रतिनिधियों को आश्वासन दिया कि जल्द ही चुनाव करवाने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। चुनाव करवाने के लिए सरकार की तरफ से नगराधीश को पर्यवेक्षक बनाया गया है। समिति प्रतिनिधि तीन महीने पहले भी नगराधीश से चुनाव करवाने की मांग को लेकर मिले थे लेकिन अभी तक इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं हुई है। छोटूराम किसान शिक्षा समिति जिले में कई शिक्षण संस्थाएं चलाती है। इनमें छोटूराम किसान कालेज, छोटूराम किसान सीनियर सेकेंडरी स्कूल शामिल हैं। पिछले लगभग दस सालों से इस संस्था पर प्रशासक लगा हुआ है। समिति की वोटों को लेकर कोई विवाद हुआ था।

---

बार काउंसिल चुनाव की तैयारियों को लेकर उपायुक्त ने की समीक्षा बैठक

# जींद में बार काउंसिल चुनाव के लिए चार मतदान केंद्र बनाए चुनाव पूरी पारदर्शिता व निष्पक्षता के साथ करवाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

बार काउंसिल ऑफ पंजाब एंड हरियाणा के चुनाव को लेकर शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में चुनाव संबंधी तैयारियों की समीक्षा की गई। इससे पहले चंडीगढ़ से मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी उपायुक्तों के साथ चुनाव तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि चुनाव पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ करवाए जाएं। उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि चुनाव को लेकर जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं मुकम्मल कर ली गई हैं। जिला में बार काउंसिल चुनाव के लिए कुल चार मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इनमें बार एसोसिएशन जींद के बार रूम तथा लिटिगेशन हॉल में दो मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं जबकि बार एसोसिएशन नरवाना के लाइब्रेरी हॉल तथा बार एसोसिएशन सफीदों के मीटिंग हॉल में एक-एक मतदान केंद्र बनाया गया है। इन चारों मतदान केंद्रों पर कुल 1911 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि चुनाव के सुचारू संचालन के लिए मतदान पार्टियों का गठन कर दिया गया है और आवश्यक रिजर्व स्टाफ भी नियुक्त किया गया है। मतदान पार्टियों को 10 मार्च को पहली रिहर्सल एवं प्रशिक्षण दिया जा चुका है। जबकि अंतिम रिहर्सल 17 मार्च को आयोजित की जाएगी।


जींद। वीसी में भाग लेते हुए अधिकारी। फोटो :हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

उपायुक्त ने कहा कि मतदान केंद्रों पर सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। साथ ही कानून व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं ताकि चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके। उन्होंने मतदाताओं से अपील की है कि चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने में जिला प्रशासन का सहयोग करें। इस अवसर पर नगराधीश मोनिका रानी, चुनाव नायब तहसीलदार प्रदीप सरोहा, कानूनगो नरेश कुमार और दीपांशु सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# ई-भूमि पोर्टल के माध्यम से जमीन खरीद प्रक्रिया प्रारंभ

- भूमि मालिक 30 अप्रैल तक अपलोड कर सकेंगे विवरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के संपदा अधिकारी सत्यवान सिंह मान ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा प्रदेश के विभिन्न कस्बों व जिलों में प्रस्तावित डेवेलप्मेंट प्लान के तहत रिहायशी, व्यावसायिक एवं संस्थागत सेक्टरों के विकास के लिए ई भूमि पोर्टल के माध्यम से भूमि खरीदने, अधिग्रहित करने की प्रक्रिया शुरू की गई है। इस योजना के अंतर्गत प्रदेशभर में लगभग 1,46,707,921 एकड़ भूमि खरीदे जाने का प्रावधान किया गया है। उन्होंने बताया कि इस प्रक्रिया के तहत ई भूमि पोर्टल के माध्यम से भूमि खरीदने के लिए इच्छुक भूमालिकों, एग्रीगेटरों को अपनी भूमि का विवरण पोर्टल पर अपलोड करना होगा। इसके लिए सरकार द्वारा 30 अप्रैल (प्रथम चरण) तक का समय निर्धारित किया गया है। जिसके दौरान भूमि मालिक पोर्टल पर भूमि का विवरण अपलोड कर सकते हैं। नरवाना क्षेत्र में रेवेन्यू एस्टेट डूमरखां कलां, मोहलखेड़ा नरवाना में सेक्टर 1, 2, 4, 5, 10, 14, 15, 17, 18 व 19 के विकास के लिए लगभग 2067 एकड़ भूमि खरीदने का प्रस्ताव है।

## एडीसी की अध्यक्षता में नार्को को-ऑर्डिनेशन सेंटर की समीक्षा बैठक

# मेडिकल स्टोर चेकिंग-जर्जर भवनों को गिराने की प्रक्रिया में लाएं तेजी

### नशा मुक्ति केंद्रों की निगरानी और युवाओं पर विशेष नजर रखने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



कैथल। एडीसी डा. सुशील कुमार अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

जिले में नशे की समस्या पर प्रभावी नियंत्रण के लिए लघु सचिवालय में एडीसी डा. सुशील कुमार की अध्यक्षता में नार्को को-ऑर्डिनेशन सेंटर की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इसमें पुलिस, स्वास्थ्य और खेल विभाग सहित संबंधित विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान नशा मुक्ति, एनफोर्समेंट और जन-जागरूकता से जुड़े विभिन्न पहलुओं की समीक्षा करते हुए 'स्टेट एक्शन प्लान' के तहत सख्त कदम उठाने के निर्देश दिए गए।

एडीसी डा. सुशील कुमार ने खेल विभाग तथा पंचायत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सुरक्षा के मद्देनजर जर्जर और कंडम घोषित सरकारी भवनों को ध्वस्त किया जाए। क्योंकि ऐसी खाली और जर्जर इमारतें अक्सर नशेड़ियों के लिए ठिकाना बन जाती हैं। इसलिए इन असुरक्षित ढांचों को गिराने की प्रक्रिया में तेजी लाएं। खेल विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे खिलाड़ियों पर सख्त निगरानी रखें कि वे इंजेक्शन या स्टेरॉयड आदि का उपयोग न करें। अप्रैल महीने में ब्लॉक स्तर पर 16 से 20 वर्ष आयु वर्ग के खिलाड़ियों के लिए विशेष जागरूकता सेमिनार आयोजित किए जाएं।

बैठक में नशा मुक्ति केंद्रों के संचालन और रिकॉर्ड प्रबंधन की भी समीक्षा की गई। एडीसी सुशील कुमार ने निर्देश दिए कि नशा मुक्ति केंद्र और मनोवैज्ञानिक की ओपीडी में आने वाले सभी मरीजों का रिकॉर्ड रखा जाए। बाहरी राज्यों, विशेषकर पंजाब से आने वाले मरीजों और बीच में इलाज छोड़ने वाले व्यक्तियों का पूरा रिकॉर्ड रखने के निर्देश दिए गए। मार्च के अंत में इन केंद्रों का दोबारा औचक निरीक्षण किया जाए।

**अवैध बिक्री पर रोक लगाने के लिए विशेष जांच अभियान चलाया**

डीएसपी कुलदीप बेनीवाल ने बताया कि नशीली दवाओं की कथित अवैध बिक्री पर रोक लगाने के लिए हाल ही में गुहला-चीका क्षेत्र में विशेष जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान अंबाला, कुरुक्षेत्र, करनाल और कैथल के ड्रग कंट्रोल अधिकारियों की टीमों ने 47 मेडिकल स्टोर्स की जांच की। जांच में अवैध ड्रग नहीं मिली, लेकिन अनियमितताएं पाए जाने पर दो मेडिकल स्टोर्स को मौके पर ही सील कर दिया गया।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर डीएसपी कुलदीप बेनीवाल, सिविल सर्जन डा. रेणु चावला, डीडीपीओ रितु लाठर सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## महिला सशक्तिकरण-साइबर क्राइम के खिलाफ जागरूकता जरूरी : रेखा रानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका



गुहला-चीका। सब-इंस्पेक्टर रेखा रानी विद्यार्थियों को जागरूक करते हुए।

डीएवी कॉलेज चीका में चल रहे सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) शिविर के चौथे दिन स्वयंसेवकों के लिए एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कैथल में तैनात सब-इंस्पेक्टर रेखा रानी मौजूद रहीं। उन्होंने स्वयंसेवकों को महिला सशक्तिकरण, साइबर क्राइम, घरेलू हिंसा और नशा मुक्ति जैसे सामाजिक मुद्दों के प्रति जागरूक किया।

रेखा रानी ने कहा कि आज के दौर में महिलाओं का शिक्षित और जागरूक होना बेहद जरूरी है। महिलाओं को अपने अधिकारों की पूरी जानकारी होनी चाहिए, ताकि वे किसी भी तरह के अन्याय या शोषण के खिलाफ आवाज उठा सकें। उन्होंने घरेलू हिंसा जैसे संवेदनशील विषय पर भी प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज को इस प्रकार की घटनाओं के प्रति संवेदनशील होना चाहिए और पीड़ितों को न्याय दिलाने में सहयोग करना चाहिए।

कार्यक्रम के अंत में कॉलेज के प्राचार्य डॉ. जसबीर सिंह ने मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि का आभार जताया। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में सामाजिक जिम्मेदारी और जागरूकता की भावना विकसित करने में सहायक होते हैं।

**ये रहे मौजूद**

एनएसएस स्वयंसेवकों के साथ डॉ. जसविंदर सिंह, डॉ. सुमन यादव, प्रो. ज्योति, प्रो. कुणाल वर्मा और प्रो. बंटी दास सहित कॉलेज स्टाफ के सदस्य मौजूद रहे।

## कैथल में गैस किल्लत से जनता त्रस्त : आदित्य

**कैथल।** हरियाणा के कैथल जिले में एलपीजी गैस सिलिंडर की किल्लत ने आम जनता का जीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया है। गैस एजेंसियों के बाहर महिलाएं, बुजुर्ग, दिव्यांग और यहां तक कि बच्चे भी घंटों धूप में लाइन लगाने के बाद भी सिलिंडर खाली हाथ लौट रहे हैं। इस संकट ने न केवल जनजीवन को ठप कर दिया है, बल्कि मुख्यमंत्री नायब सैनी की कमजोर स्थिति को भी पूरी तरह बेनकाब कर दिया है। कांग्रेस विधायक आदित्य सुरजेवाला ने इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री नायब सैनी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि नायब सैनी की कुर्सी पहले से ही कमजोर है और अब यह गैस संकट उनकी पूरी फेलियर और अक्षमता को उजागर कर रहा है। केंद्र में मोदी सरकार और राज्य में भाजपा की सरकार होने के बावजूद मुख्यमंत्री नायब सैनी एक साधारण सिलिंडर की सप्लाई तक नहीं करवा पा रहे। जनता बिना गैस के खाना नहीं बना पा रही, माताएं-बहनें घंटों लाइन में खड़ी रह रही हैं। यह सैनी सरकार की सबसे बड़ी नाकामी है। आदित्य सुरजेवाला ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी की कमजोर स्थिति अब हर किसी के सामने है। कैथल में पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति ठीक बताई जा रही है, फिर भी गैस एजेंसियां सूनी पड़ी हैं। कालाबाजारी चरम पर पहुंच गई है, इंडक्शन चूल्हे की बिक्री ₹2000 से ₹5000 तक के मॉडल बिक रहे हैं। छोटे व्यापारी, फास्ट फूड ठेके और रेस्तरां बंद होने लगे हैं। शादी-समारोह में खाना बनाना मुश्किल हो गया है। मुख्यमंत्री नायब सैनी की 'सबका साथ, सबका विकास' वाली बात सिर्फ चुनावी जुमला बनकर रह गई है। विधायक आदित्य सुरजेवाला ने मुख्यमंत्री नायब सैनी से तुरंत हस्तक्षेप की मांग करते हुए कहा कि जनता अब सैनी सरकार की इस कमजोरी और नाकामी को बर्दाश्त नहीं करेगी।

## खबर संक्षेप



### गोवंश के लिए गोशाला में किए जा रहे व्यापक प्रबंध

**सीवन।** बढ़ते तापमान को देखते हुए सीवन गौशाला में गौमाता की देखभाल और सुविधा के लिए विशेष तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। गौशाला परिसर में छाया की व्यवस्था को मजबूत किया जा रहा है, ताकि तेज धूप के दौरान गौमाता को आराम मिल सके। इसके साथ ही स्वच्छ पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए जल टंकियों और पानी पीने के स्थानों की सफाई कर उन्हें व्यवस्थित किया जा रहा है। गौशाला में लगे पंखों और कूलरों की भी जांच कर उन्हें दुरुस्त किया जा रहा है, जिससे गर्मी के मौसम में गौमाता को राहत मिल सके। गौसेवक पूरे समर्पण भाव के साथ गौशाला की व्यवस्था को बेहतर बनाने में जुटे हुए हैं। गौशाला सेवा समिति सीवन के प्रधान नरेंद्र सैनी ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी गर्मी को ध्यान में रखते हुए पहले से ही आवश्यक प्रबंध किए जा रहे हैं।



### स्पर्श पेंशन के समाधान शिविर में उमड़ी भीड़

**कैथल।** ईसीएचएस पॉलीक्लिनिक कैथल के प्रांगण में पूर्व सैनिकों की स्पर्श पेंशन, पेंशन पेमेंट ऑर्डर में जो खामियां हैं उन सभी से संबंधित समाधान शिविर का आयोजन अंबाला वेटेरनस सहायता केंद्र अंबाला कैंट की टीम के कैप्टन रामकुमार के नेतृत्व में किया। कार्यक्रम का आयोजन ई सी एच एस पॉलीक्लिनिक ओआईसी ग्रुप कैप्टन स्वरूप सिंह की अध्यक्षता में प्रातः 9:30 बजे हुआ, पूर्व सैनिक, सैनिक वीरांगना , शहीद परिवारों से संबंधित समस्याओं के 62 कैशो का समाधान किया गया। इसमें से कुछ केसों का रिकॉर्ड टीम अपने साथ में लेकर गई। ग्रुप कैप्टन स्वरूप सिंह साहब व पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन कैथल जो कि शिविर का बंदोबस्त करती है। प्रधान जगजीत फौजी ने अपने पूर्व सैनिकों को ई सी एच एस और सी एस डी कैंटीन की नियमताओं बारे भी विचार रखे और सुझाव दे कर समाधान भी किये गए।



### जन चेतना रैली के लिए चीका से कार्यकर्ता रवाना

**गुहला-चीका।** जजपा संस्थापक डॉ. अजय चौटाला के जन्मदिन के मौके पर हांसी में आयोजित जन चेतना रैली के लिये चीका से काफी संख्या में कार्यकर्ता रवाना हुए। अनाज मंडी चीका से जजपा प्रदेश प्रधान महासचिव प्रो. रणधीर सिंह की अगुवाई में कार्यकर्ताओं व पदाधिकारी रवाना हुए। रणधीर सिंह ने कहा कि हांसी रैली महारैली होगी, यह रैली एक नया इतिहास रचेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं को झंडी दिखाकर रवाना किया। रणधीर सिंह कहा कि 8 साल पूर्व जींद में लगाया जजपा रूपी पौधा आज देश में अपनी पहचान बना चुका है। उन्होंने कहा कि पार्टी अध्यक्ष डॉ. अजय चौटाला के मार्गदर्शन व चौधरी देवीलाल की नीतियों पर चलते हुए पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने गठबंधन सरकार में जनता से किए अधिकांश वादों को पूरा कर दिखाया। प्रो रणधीर सिंह ने कहा कि डॉ. अजय सिंह चौटाला ने अपने राजनीतिक जीवन में संघर्ष और कुर्बानियों की लंबी यात्रा तय की है। उनके संघर्ष और जनसेवा की भावना के कारण न केवल जेजेपी कार्यकर्ता बल्कि अन्य राजनीतिक दलों के लोग भी इस रैली में शामिल होकर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दी।



### सफाई कर्मचारियों का स्वास्थ्य जांचा

**पूंडरी।** स्वच्छता स्वास्थ्य सर्वेक्षण अभियान के अंतर्गत नगर पालिका पुण्डरी द्वारा सफाई कर्मचारियों की स्वास्थ्य की देख भाल के उदेश्य से विशेष स्वास्थ्य परिक्षण का आयोजन किया गया। नपा सचिव मोहन लाल नें बताया की हरियाणा सरकार के दिशा निर्देशो के अनुसार सभी सफाई कर्मचारियों की सरकारी हस्पताल में स्वास्थ्य की जाँच करवाई गयी ।सचिव नें बताया की शहर को स्वछ और सुन्दर बनाये रखने में सफाई कर्मियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। वें प्रतिदिन कठिन परिस्थितियों में कार्य करते है, इसलिए उनके स्वास्थ्य का ध्यान रखना भी प्रशासन की जिम्मेदारी है। इसी भावना के साथ स्वास्थ्य परीक्षण शिवर आयोजित किया। सरकारी अस्पताल में चिकित्सक डा. नें सफाई कर्मचारियों स्वास्थ्य परीक्षण करते उन्हें स्वास्थ्य के प्रति सजक रहने की सलहा दी।

## नवरात्रों को लेकर माता मनसा देवी मंदिर में तैयारियां तेज

**पूंडरी।** 19 मार्च से शुरू हो रहे नवरात्र पर्व को लेकर क्षेत्र के प्रसिद्ध माता मनसा देवी मंदिर में तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए मंदिर प्रबंधन समिति द्वारा व्यापक स्तर पर व्यवस्थाएं की जा रही हैं। मंदिर कमेटी के प्रधान संजीव वालिया ने बताया कि नवरात्रों के पावन अवसर पर मंदिर में दूर-दूर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता के दर्शन के लिए पहुंचते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए मंदिर परिसर में साफ-सफाई, रोशनी, पेयजल और अन्य आवश्यक सुविधाओं को बेहतर बनाया जा रहा है, ताकि श्रद्धालुओं को दर्शन के दौरान किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने बताया कि नवरात्रों के दौरान मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना और धार्मिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा। श्रद्धालु पूरे नौ दिनों तक माता रानी के दरबार में पहुंचकर पूजा-अर्चना करेंगे और परिवार की सुख-समृद्धि व खुशहाली की कामना करेंगे। उन्होंने कहा कि मंदिर प्रबंधन समिति की ओर से सभी तैयारियों की लगातार निगरानी की जा रही है और हर व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां भी सौंपी गई हैं।



पूंडरी। बातचीत करते मंदिर कमेटी के प्रधान संजीव वालिया। फोटो : हरिभूमि



## पुलिस ने गांव कवारतन, रसूलपुर में नशे के दुष्परिणाम बताए

**कैथल।** कैथल पुलिस द्वारा जिले भर में नशा जागरूकता अभियान को निरंतर प्रभावी रूप से चलाया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशे की गिरफ्त से बाहर निकालकर उन्हें स्वस्थ, सुरक्षित एवं सकारात्मक जीवन की ओर प्रेरित करना है। इसी कड़ी में नशा जागरूकता टीम में शामिल एएसआई मनोज, एचसी दिनेश, सिपाही नसीब, महिला सिपाही नीलम, महिला एसपीओ गीता, एसपीओ चांदी राम की टीम द्वारा गांव कवारतन, रसूलपुर, मांडी, सीवन, पोलड़ व कांगथली में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की कार्यक्रमों के दौरान ग्रामीणों, युवाओं, विद्यार्थियों और महिलाओं को नशे के दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। टीम सदस्यों ने उपस्थित लोगों को बताया कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि परिवार, समाज और भविष्य को भी प्रभावित करता है। युवाओं को नशे से दूर रहकर खेल, शिक्षा और रोजगार जैसे सकारात्मक कार्यों में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। इसके साथ ही आमजन को यह भी जानकारी दी गई कि यदि कहीं भी नशे का अवैध कारोबार दिखाई दे तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते सख्त कार्रवाई की जा सके।

## ईश्वर दर्शन से जीवन का प्रत्येक क्षण आनंदमय बन जाएगा : आस्था भारती

**कैथल।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा पुराना बस स्टैंड कैथल में सात-दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा के चतुर्थ दिवस पर दिव्य गुरु श्री आशुतोष महाराज की शिष्या, भागवताचार्या साध्वी आस्था भारती ने बांके बिहारी की बाल-लीलाओं से कथा का शुभारंभ किया। कथाव्यास जी ने जहां प्रभु की बाल-लीलाओं से श्रद्धालुओं के मन को हर्षाया, वहीं शाश्वत भक्ति का मार्ग भी स्पष्ट किया। साध्वी ने कहा कि यदि हम वास्तविक शांति प्राप्त करना चाहते हैं तो हमें अपने विचारों के शोर से मुक्त होना होगा। मन में उठते विचार ही अशांति का मूल कारण हैं। व्यक्ति का शांतमय स्वरूप उसके मन से परे, उससे कहीं ऊपर है। "स्व" पर मनन करने से बिखरे हुए विचार स्वतः समाप्त हो जाते हैं और व्यक्ति आत्मस्थित हो जाता है। यही मुक्ति है, यही सच्ची शांति है। गोवर्धन लीला का वर्णन करते हुए उन्होंने समझाया कि गो + वर्धन = गोवर्धन, जहां 'गो' का अर्थ है इन्द्रियां। इन्द्रियां सदैव नीचे की ओर जाती हैं, किंतु भगवान श्रीकृष्ण ने उन्हें मोड़कर ईश्वर की ओर लगाया। यही है इन्द्रियों का वर्धन और यही गोवर्धन लीला का मुख्य उद्देश्य है, मनुष्य को स्वनिर्मित धारणाओं से मुक्त कर ईश्वर की ओर उन्मुख करना। श्री भागवत कथा के दौरान मुख्य यजमान रतन गोयल, सौरभ चौधरी अध्यक्ष व्यापार सेल हरियाणा, दीपक सेठ एडवोकेट, अरविंद खुरानिया एडवोकेट, कृष्ण बंसल उद्योगपति, रवि सचदेवा केमिस्ट, सुशील गांधी आदि उपस्थित थे।



## अग्रवाल युवा संगठन करनाल के प्रतिनिधि रामप्रताप गुप्ता से मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



अग्रवाल समाज में सामाजिक एकता, आपसी सहयोग और पारिवारिक मूल्यों को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से अग्रवाल युवा संगठन करनाल द्वारा आयोजित 26वें वैवाहिक अग्रवाल युवक-युवती परिचय सम्मेलन के लिए आज संगठन के प्रतिनिधि अग्रवाल युवा सभा कैथल के प्रधान रामप्रताप गुप्ता एवं समस्त पदाधिकारियों को औपचारिक निमंत्रण देने पहुंचे।

इस अवसर पर आयोजित संक्षिप्त बैठक में समाज के विभिन्न विषयों पर भी चर्चा हुई। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि यह भव्य सम्मेलन रविवार, 15 मार्च 2026 प्रातः 9 बजे, अग्रसेन भवन, सेक्टर-8, करनाल में आयोजित किया जा रहा है। इस सम्मेलन का उद्देश्य अग्रवाल समाज के युवक-युवतियों को एक गरिमामय मंच प्रदान करना है, जहां वे अपने परिवारों के साथ एक-दूसरे से परिचित होकर योग्य जीवनसाथी का चयन कर सकें। इस अवसर पर रामप्रताप गुप्ता, रामकुमार बंसल, संजय बंसल, मोहनलाल गुप्ता, हिमांशु गोयल, सुभाष बंसल, अशोक गोयल एडवोकेट आदि उपस्थित रहे।

## रीटा बनी बेस्ट एथलीट



**ढांड।** ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय ढांड-डडवाना में आयोजित दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन शुक्रवार को उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। प्रतियोगिता का आयोजन प्रबंधक समिति के प्रधान एवं पूर्व विधायक चौधरी तेजवीर सिंह के संरक्षण और प्राचार्या डॉ. संगीता शर्मा के मार्गदर्शन में किया गया। समापन समारोह में भाजपा जिला कैथल के पूर्व अध्यक्ष अशोक गुज्जर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय की प्राचार्या और स्वागत समिति ने मुख्य अतिथि सहित अन्य अतिथियों का अभिनंदन किया। खेल प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने उत्साह के साथ भाग लेते हुए बेहतर प्रदर्शन किया। 200 मीटर दौड़ में रीटा ने पहला, सुनाक्षी ने दूसरा और मुस्कान ने तीसरा स्थान हासिल किया। 400 मीटर दौड़ में मुस्कान प्रथम, रीटा द्वितीय और अंजलि दहिया तृतीय स्थान पर रही। 800 मीटर दौड़ में मुस्कान ने बाजी मारी जबकि मुनिशा दूसरे और वर्षा तीसरे स्थान पर रही। लॉन्ग जंप में अंजलि दहिया प्रथम, मंजू द्वितीय और सुनाक्षी तृतीय स्थान पर रही। शॉट पुट प्रतियोगिता में जानवी ने पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि प्राची दूसरे और स्नेहा तीसरे स्थान पर रही। लेमन स्पून रेस में अभिलाषा प्रथम, साक्षी देवी द्वितीय और मुस्कान तृतीय स्थान पर रही।

## जन शिकायतों के निवारण में कोताही बर्दाश्त नहीं

**कैथल।** एडीसी डा. सुशील कुमार ने आमजन की समस्याओं का समयबद्ध समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या देरी स्वीकार नहीं की जाएगी। सभी अधिकारी इन शिविरों और सरकारी पोर्टलों पर प्राप्त शिकायतों के समाधान को गंभीरता से लें और प्राथमिकता के आधार पर उनका निपटारा सुनिश्चित करें। एडीसी शुक्रवार को लघु सचिवालय में समाधान शिविर सहित सीएम विंडो, जनसंवाद, सीपीग्राम और एसएमजीटी पोर्टलों के माध्यम से प्राप्त जन शिकायतों की समीक्षा बैठक में जिला अधिकारियों को निर्देश दे रहे थे। बैठक में उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रदेश के मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार समाधान शिविरों का आयोजन आम लोगों को त्वरित राहत देने के उद्देश्य से किया जा रहा है। एडीसी सुशील कुमार ने कहा कि अधिकारी शिकायतों को केवल फाइल निपटाने की प्रक्रिया के रूप में न देखें, बल्कि सेवा भाव और सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ उनका गुणवत्तापूर्ण समाधान करें।

**स्वास्थ्य समस्या** | स्वास्थ्य विभाग ने भ्रांतियों को किया दूर

# एचवीपी से नपुंसकता या बांझपन होने जैसी बातें पूरी तरह गलत : डॉ. रेणु चावला

- किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाने के लिए करवाएं टीकाकरण
- इस अभियान के तहत 14 से 15 वर्ष की आयु की किशोरियों को लगाया जा रहा टीका



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

सिविल सर्जन डॉ रेणु चावला ने कहा कि जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की ओर से किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से सुरक्षित रखने के लिए विशेष एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत 14 से 15 वर्ष की आयु की किशोरियों को टीका लगाया जा रहा है। उन्होंने जिला के अभिभावकों से अपील की है कि वे अपनी बेटियों को इस गंभीर बीमारी से बचाने के लिए उनका टीकाकरण अवश्य करवाएं।

उन्होंने बताया कि एचपीवी टीका पूरी तरह सुरक्षित है और यह सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम में लगभग 98 प्रतिशत तक प्रभावी माना जाता है। यह टीका वर्ष 2006 से उपलब्ध है और इसकी सुरक्षा तथा प्रभावशीलता को लेकर कई अंतरराष्ट्रीय अध्ययन किए जा चुके हैं। स्वास्थ्य विभाग ने टीकाकरण को लेकर समाज में फैली कई गलत फहमियों को दूर करते हुए स्पष्ट किया कि मासिक धर्म के दौरान भी यह टीका सुरक्षित रूप से लगाया जा सकता है और इसका कोई दुष्प्रभाव नहीं होता।

**एचपीवी एक वायरल संक्रमण**

उन्होंने बताया कि एचपीवी एक वायरल संक्रमण है, जो कई बार बिना किसी स्पष्ट लक्षण के भी सर्वाइकल कैंसर का कारण बन सकता है। यह टीका इस संक्रमण से बचाव में प्रभावी सुरक्षा प्रदान करता है।भारत में महिलाओं में होने वाले कैंसर के मामलों में दूसरे स्थान पर आता है। विभाग ने बताया कि वर्तमान में उपलब्ध वैक्सीन अत्यंत प्रभावशाली है, इसलिए किसी अन्य वैक्सीन का इंतजार करने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने सभी अभिभावकों से आह्वान किया है कि वे सरकार की इस पहल का लाभ उठाएं और अपनी 14 से 15 वर्ष की बेटियों का टीकाकरण करवाकर उन्हें कैंसर मुक्त और सुरक्षित भविष्य प्रदान करें।

**डीएनए पर इसका कोई प्रभाव नहीं डालता**

इसके अलावा विभाग ने यह भी स्पष्ट किया कि टीके से नपुंसकता या बांझपन होने जैसी बातें पूरी तरह गलत हैं। भविष्य में गर्भधारण की योजना बनाने वाली महिलाओं के लिए भी यह टीका सुरक्षित है। यह टीका केवल कैंसर से बचाव के लिए कार्य करता है और शरीर के डीएनए पर इसका कोई प्रभाव नहीं डालता।

**सूचना**

मैं, ईश्वर सिंह पुत्र श्री रिशाल सिंह निवासी गांव अटैला जिला कैथल बयान करता हूं कि मेरा पुत्र प्रवीन व उसकी पत्नी मोनिका मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**सूचना**

मैं, सुमन पत्नी श्री जिले सिंह निवासी गांव व डाक. दुडाना तह. अलेवा जिला जीन्द हरि. बयान करती हूं कि मेरी पुत्री पूजा मेरे व मेरे परिवार के कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### एक्सईएन कार्यालय पर पेंशनर्स ने की नारेबाजी

**जींद।** हरियाणा बिजली पैनशनरज वैलफैयर एसोसिएशन ने यूनिट प्राान जिले सिंह शर्मा के नेतृत्व में दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम कार्यकारी अभियंता कार्यालय पर नारेबाजी की। बैठक में तीन जुलाई 2013 से पहले सेवानिवृत हुए कर्मचारी के लंबित पड़े कार्यों पर चर्चा की गई और विद्युत प्रसारण निगम द्वारा कार्यों को न करने के विरोध में निगमों के प्रबंधकों की घोर निंदा व भत्र्सना की गई।

### रैली की तैयारियों के लिए जन आक्रोश जत्था पंहुचेगा कैथल : आनन्द

**कैथल।** दिल्ली के रामलीला मैदान में 24 मार्च को होने वाली कम्युनिस्ट पार्टी की विशाल जन आक्रोश रैली की तैयारियों के लिए जन आक्रोश जत्था 14 मार्च को कलायत से जिला कैथल में प्रवेश करेगा। कैथल जिला सचिव सतपाल आनन्द ने बताया कि भाजपा सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ 24 मार्च को दिल्ली के रामलीला मैदान में जन आक्रोश रैली की जा रही है।

### एनआईआईएलएम विवि में हरियाणवी गाना लांच

**कैथल।** एन.आई.आई.एल.एम. विश्वविद्यालय के मल्टीपर्पज हॉल में एक हरियाणवी गाने का भव्य लॉन्च कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसे अर्बन विलेज म्यूजिक द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंच पर उपस्थित कलाकारों द्वारा दीप प्रज्वलन से किया। इस अवसर पर हरियाणवी कलाकार सोनिका सिंह, ऋतिक कटारिया ने अपनी प्रस्तुतियों से कार्यक्रम को यादगार बना दिया।

### ढाकल हैड से रजबाहा के लिए बनेगी कमेटी : देवेंद्र

**उचाना।** भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने विपक्ष पर तीखा जुबानी हमला बोला। विधायक ने कहा कि ढाकल हैड से रजबाहा के लिए कमेटी भी जल्द बनेगी रजबाहा भी आएगा। रजबाहा बनने के बाद उचाना के दर्जनों गांव की हजारों एकड़ भूमि का लाभ मिलेगा। पत्रकार वार्ता में विधायक ने कहा कि विपक्ष मुद्दा विहीन है मुद्दे से भटक चुका है। आज कोई मुद्दा नहीं है इसलिए हासिए पर

### सर्वोत्तम माता पुरस्कार प्रतियोगिता हुई संपन्न

**गुहला-चीका।** महिला एवं बाल विकास विभाग की परियोजना अधिकारी गुरजीत कौर ने बताया कि विभाग द्वारा जिले के सभी सर्कलों में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र में सर्वोत्तम माता पुरस्कार प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में सैकड़ो महिलाओं ने पूरे उत्सव के साथ बढ़कर भाग लिया। महिलाओं से बच्चों के पोषण से संबंधित सवाल पूछे गए। महिलाओं ने बच्चों के पालन पोषण स्वास्थ्य देखभाल और शिक्षा के अनुभव साझा किए।

### खाद्य पदार्थो के उत्पादन के लिए पंजीकरण अनिवार्य

**कैथल।** एडीसी डॉ. सुशील कुमार ने कहा कि आमजन के स्वास्थ्य के साथ किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। खाद्य पदार्थों के उत्पादन, भंडारण, वितरण और बिक्री से जुड़े सभी व्यापारियों के लिए भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण के तहत ऑनलाइन पंजीकरण करवाना तथा लाइसेंस लेना अनिवार्य है।

### नपा कर्मचारियों के लिए लगाया मेडिकल शिविर

**कलायत।** कलायत शहर में नगर पालिका सफाई कर्मचारियों की सेहत का ख्याल रखने के लिए विशेष मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। सफाई सुपरवाइजर सोम प्रकाश शर्मा और स्वच्छ भारत अभियान संयोजक सुरेश चहल की अगुवाई में कर्मचारी शुक्रवार को उप मंडल नागरिक अस्पताल पहुंचे।

### रविदास आश्रम में लगा स्वास्थ्य जांच शिविर

**राजौंद।** नवीन जिंदल के सौजन्य से रविदास आश्रम में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डॉक्टरों की टीम ने लोगों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें चिकित्सीय परामर्श दिया और जरूरतमंद मरीजों को निशुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं।

---

### रेनोवेशन कार्य के चलते पुरानी बिल्डिंग के पीछे लगे छप्पर को उतरवाया

# अब नई बिल्डिंग के मुख्य गेट के पास बैठ कर सकते हैं जांच रिपोर्ट का इंतजार

- गर्मी के चलते खुले में बैठने से हो रही थी मरीजों को परेशानी
- 14.91 करोड़ की लागत से करवाया जा रहा पुरानी बिल्डिंग का जीर्णोद्धार

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद



जींद। नई बिल्डिंग के सामने बैठ कर रिपोर्ट का इंतजार करते हुए मरीज। *फोटो: हरिभूमि*

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग में लैब के बाहर रेनोवेशन (जीर्णोद्धार) के कार्य के चलते लोगों को किसी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए नई बिल्डिंग के मुख्य गेट के पास कुर्सियां लगा कर बैठ कर इंतजार करने की व्यवस्था की है। इस समय अस्पताल में 14.91 करोड़ रुपये की लागत से रेनोवेशन कार्य पुरानी बिल्डिंग के पीछे की तरफ पहुंचा। सवा माह से ज्यादा होने को है लेकिन यह कार्य पूरा नही हुआ है। धीमी गति से रेनोवेशन कार्य होने से मरीजों व तिमारदारों की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है।

#### पुरानी बिल्डिंग में लैब के बाहर हो रहा रेनोवेशन

नागरिक अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग में लैब चलाई जा रही है। चिकित्सकों द्वारा टैस्टों को लेकर यहां लैब में भेज जाता है। लैब की रिपोर्ट डेढ़ बजे के आसपास लोगों को मिलती है। जिसके चलते काफी संख्या में लोग लैब के बाहर ही लगाए गए छप्पर के नीचे बैठ कर रिपोर्ट लेने का इंतजार करते थे। बिल्डिंग के सामने तो शीट लगा दी गई है, जो रात के समय किसी फाइव स्टार होटल का लुक देती हैं। हालांकि बिल्डिंग के पीछे की तरफ हालात ज्यादा खराब होने के चलते वहां पैच वर्क से ही काम चलाया जा रहा है। लगभग सवा माह पहले रेनोवेशन कार्य पुरानी बिल्डिंग के पीछे दीवार पर पहुंचा था। जिसके चलते शेड को उखाड़ दिया गया था ताकि कोई हादसा न हो। सर्दियों में तो जैसे-तैसे लोगों ने बाहर खुले में बैठ कर रिपोर्ट का इंतजार कर लिया था लेकिन अब गर्मी होने के साथ ही लोगों की परेशानी बढ़ रही थी।

#### मुख्य गेट के पास की बैठने व्यवस्था की

नागरिक अस्पताल के प्रधान चिकित्सा अधिकारी डा. रघुवीर पूनिया ने बताया कि लोगों को बैठने के लिए नई बिल्डिंग के सामने खुले में कुर्सियां लगाई गई थी। अब गर्मी अधिक पड़ रही थी। जिसके चलते लोगों को परेशानी हो रही थी। इसी परेशानी को देखते हुए नई बिल्डिंग के मुख्य गेट के पास लोगों के बैठने की व्यवस्था की गई है। कार्य में तेजी के लिए उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों से बातचीत की है। उम्मीद है कि जल्द यह कार्य पूरा होगा।

#### 14.91 करोड़ रुपये की लागत से 50 साल पुरानी बिल्डिंग को दे रहे आधुनिक रूप

नागरिक अस्पताल में 14.91 करोड़ रुपये की लागत से जीर्णोद्धार हो रहा है। इसका उद्देश्य50 साल पुरानी जर्जर बिल्डिंग को आधुनिक रूप देना है। जिसमें सभी वार्डों में आधुनिक सुविधाएं, पैच वर्क, इंटीरियर और एक्सटीरियर सुधार शामिल है। काम इतना धीमे चल रहा है कि साढ़े पांच माह हो चुके हैं लेकिन यह पूरा नही हो पाया है। पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा संचालित यह प्रोजेक्ट निर्धारित समयावधि से पार जा चुका है। जोकि स्वास्थ्य अधिकारियों व मरीजों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। देरी और गुणवत्ता पर लगातार सवाल उठ रहे हैं।

---



जींद। जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि कुलदीप रंधावा को सम्मानित करते हुए।

## निडाना में हर्षोल्लास से मनाई लाइब्रेरी की आठवीं सालगिरह

- कार्यक्रम में क्षेत्र के होनहार छात्रों को सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

गांव निडाना में स्थित दादा नगर खेड़ा बड़ा बीर लाइब्रेरी की आठवीं सालगिरह बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों, युवाओं और विद्यार्थियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कार्यक्रम में जिला नगर परिषद के अध्यक्ष कुलदीप रंधावा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। जबकि डा. अनिल वेटरनरी सर्जन और डा. मनदीप स्योकल वीएलडीए विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। गांव पहुंचने पर मुख्यअतिथि और विशिष्ट अतिथियों का गांव के सरपंच भूपेंद्र मलिक तथा लाइब्रेरी कोर टीम द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर भव्य स्वागत और अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम के दौरान लाइब्रेरी की स्थापना से लेकर अबतक की उपलब्धियों और गांव के युवाओं को मिल रही सुविधाओं पर भी प्रकाश डाला गया। यह लाइब्रेरी गांव निडाना के युवाओं के लिए शिक्षा का एक मजबूत केंद्र बनकर उभरी है। यहां विद्यार्थियों के लिए शांत और अनुशासित वातावरण में पढ़ाई करने की सुविधा उपलब्ध करवाई गई है। जिससे गांव के युवा किसी भी सरकारी या प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी आसानी से करते हैं। मुख्य अतिथि नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि कुलदीप रंधावा ने अपने संबोधन में कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार की लाइब्रेरी युवाओं के भविष्य को नई दिशा देने का काम करती हैं। उन्होंने कहा कि इस लाइब्रेरी जैसी पहलें समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने का काम करती हैं।विशिष्ट अतिथि डा. अनिल और डा. मनदीप स्योकल ने कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है, जो समाज और राष्ट्र को मजबूत बनाती है। उन्होंने कहा कि गांव में ऐसी लाइब्रेरी का होना युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

#### ये रहे मौजूद

लाइब्रेरी के सालगिरह इवेंट के इंचार्ज प्रदीप मलिक, मनदीप मलिक और संदीप मलिक ने संयुक्त रूप से कहा कि हमारी लाइब्रेरी का उद्देश्य गांव के विद्यार्थियों और युवाओं को बेहतर पढ़ाई का माहौल देना है। इस मौके पर आर्यन, सचिन, अखिल, भूपेंद्र, रोहित सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

---

## स्वाति बेटी गौरव पुरस्कार से सम्मानित

- यूपीएससी में 366वां रैंक प्राप्त करने पर सेवा ग्रुप ने किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭उचाना

यूपीएससी में 366वां रैंक प्राप्त करने वाली सुदकैन कलां की बेटी स्वाति आर्या को उचाना सेवा ग्रुप द्वारा बेटी गौरव पुरस्कार से सम्मानित किया गया। दिलबाग आर्य के निवास पर पहुंच कर हांसी एसडीएम डॉ. राजेश खोथ,एसडीएम उचाना दलजीत सिंह, मा. रामप्रसाद की अगुवाई में सेवा गुरप के सदस्य पहुंचे। मा. रामप्रसाद ने बताया कि जब उचाना के एसडीएम डॉ. राजेश खोथ थे तो उन्होंने उचाना सेवा गुरप का गठन किया था। निरंरत जरूतमंदों को सहारा ये ग्रुप बनता आ रहा है।



उचाना। स्वाति आर्य को परिवार सहित सम्मानित करते हुए उचाना सेवा ग्रुप।

#### बेटों की तरह बेटियों को भी शिक्षा के लिए करें प्रोत्साहित

एसडीएम दलजीत सिंह ने कहा कि उचाना क्षेत्र की बेटी ने पूरे जींद जिले का नाम रोशन करने का काम किया है। अभिभावकों को चाहिए कि वो बेटों की तरह बेटियों को भी शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करें। आज बड़े-बड़े पदों पर बेटी कार्यरत है जो उनकी मेहनत है। ग्रामीण अंचल की बेटी यूपीएससी में 366वां रैंक प्राप्त करती है ये दूसरी बेटियों के लिए भी प्रेरणादायक होता है। इस मौके पर धर्मबीर आर्य, रामफल खटकड़, शीशपाल शास्त्री, सत्यवान वर्मा, किताब सिंह मोर, बलजीत गोयत, देशराज शर्मा, कृष्ण खटकड़, सतीश डीपीई, गुलशन मौजूद रहे।

---

## सफीदों से सिरसा के लिए चलाई एसी बस

- यात्रियों को गर्मी के मौसम में लंबे रूट पर मिलेगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद



जींद। बस अड्डा पर खड़ी रोडवेज बसें। *फोटो: हरिभूमि*

सफीदों से सिरसा के लिए एसी बस चलाई गई है। ऐसे में यात्रियों को गर्मी के मौसम में लंबे रूट पर लाभ मिलेगा। सफीदों सिरसा के लिए चलने वाली बस में किराया 351 रुपये है और दूरी 215 किलोमीटर है। सफीदों से सुबह सात बजकर 50 मिनट पर बस चल कर जींद, हांसी, हिसार, फतेहाबाद होते हुए सिरसा जाएगी। पहले यह बस जींद से सिरसा रूट पर चलाई जाती थी लेकिन अब जींद से एक बस सफीदों उपकेंद्र में भेजी गई है। ऐसे में सफीदों उपकेंद्र में दो एसी बस हो गई हैं। जबकि दूसरी बस सफीदों से सुबह पांच बजकर 20 मिनट पर चंडीगढ़ के लिए एसी बस चलती है। साधारण रोडवेज बस सफीदों से सिरसा के लिए सुबह सात बजकर और आठ बजकर 50 मिनट पर चलती है। साधारण रोडवेज बस में सफीदों से सिरसा का किराया 235 रुपये किराया है। जींद डिपो में 10 एसी बस हैं, जो पिछले साल अगस्त माह में आई थी। फिलहाल जींद उपकेंद्र में सात, सफीदों में दो और नरवाना में एक एसी बस है। नरवाना वाली बस को वाया हिसार से चंडीगढ़ चलाया जा रहा है। जींद से चंडीगढ़ के लिए एसी बस सुबह नौ बजकर 20 मिनट, सुबह 10 बजकर 50 मिनट, दोपहर 12 बजे और दोपहर दो बजकर 20 मिनट पर चलती है। वहीं गुरुग्राम रूट पर सुबह सात बजकर 50 मिनट परए दूसरी बस 11 बजकर 20 मिनट और तीसरी बस दोपहर 12 बजकर 40 मिनट पर गुरुग्राम के लिए रवाना होती है। एसी बस में जींद से चंडीगढ़ का किराया 340 रुपये, जींद से गुरुग्राम का किराया 251 रुपये लगता है। जींद डिपो में लगभग 170 साधारण बसें हैं।

#### बेहतर सुविधा

बस अड्डा सफीदों डीआई कप्तान ने बताया कि यात्रियों की संख्या को देखते हुए बसों का संचालन किया जा रहा है। जिस रूट पर भीड़ ज्यादा होती है वहां बस भेज दी जाती है। सफीदों उपकेंद्र में अब दो एसी बस है। एक बस जींद से सफीदों भेजी गई थी, जो सिरसा रूट पर चलाई जा रही है। डिपो का प्रयास है कि यात्रियों को बेहतर परिवहन सुविधा दी जाए।

---

## सरकार के नए फरमान से बिफरे आढ़ती

- आढतियों ने जताया रोष
- बोले आढती : किसान का अंगूठा लगने पर ही कटेगा गेट पास, सरकार करे पोलीसी रद्द

हरिभूमि न्यूज ⏭अलेवा

प्रदेश सरकार द्वारा अबकी बार फसली सीजन के दौरान गेहूं खरीद में मंडी सबयार्ड और प्रिंसिपल यार्ड से लाइसेंस शुदा आढतियों द्वारा ही खरीद केंद्रों पर खरीद के फरमान के विरोध स्वरूप नगूरां खरीद केंद्र एसोसिएशन ने नगूरां गांव में एक मिटिंग का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता नगूरां एसोसिएसन प्रधान जसवंत ने की। प्रधान जसवंत ने कहा कि सरकार फसली सीजन के दौरान नए-नए फरमान जारी कर किसानों तथा आढतियों में एक टकराव करवाना चाहती है। प्रदेश सरकार चाहती है कि मंडी सबयार्ड और प्रिंसिपल यार्ड से लाइसेंसशुदा आढ़ती ही खरीद केंद्र पर फसल की खरीद करेंगें, जबकि मंडी में छह से सात आढ़तियों के पास ही लाइसेंस है और इनकी संख्या 55 के आसपास है। यही नहीं प्रदेश सरकार द्वारा किसान का अंगूठा लगने पर ही गेट पास कटने की बात कही जा रही है। जबकि प्रदेश में जमीन की मालिक महिलाओं के साथ-साथ एक ही फरद में कई किसानों के नाम है। प्रदेश सरकार से पूछना चाहते हैं कि गेहूं बेचने के लिए क्या किसानों को पूरे परिवार के साथ मंडी स्थल पर आना पड़ेगा ताकि अंगूठे के साथ उनको गेट पास कट सके। एसोसिएशन ने किसानों तथा आढतियों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए इस पोलीसी को तुरंत प्रभाव से बंद करने की मांग की।



अलेवा। नगूरां गांव में मिटिंग में भाग लेते आढती एसोसिएसन के पदाधिकारी।

#### 31 मार्च तक नहीं बनेंगे नए लाइसेंस

अलेवा मार्केट कमेटी सचिव विकास ढिल्लो ने बताया कि प्रदेश सरकार की हिदायत के अनुसार मंडी सबयार्ड और प्रिंरसिपल यार्ड से अधीकृत आढती ही खरीद केंद्र पर गेंहू खरीदेंगें। इसके लिए 31 मार्च 2026 तक नए लाइसेंस नहीं बनेगें। फिर भी सरकार की कोई नई हिदायत आती है तो उसका पालन किया जाएगा। फिलहाल कोई नया आदेश नहीं आया है।

---

## जिम्मेदारी से पूरा करें जनगणना कार्य

- प्रथम चरण में कोई भी भवन नहीं चाहिए छुटना : डीसी
- जनगणना 2027 को लेकर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि जनगणना 2027 के सभी कार्यों को चार्ज ऑफिसर पूरी जिम्मेदारी से करें। जिस भी अधिकारी को जो ब्लॉक आबंटित होगाए उसमें कोई भी भवन छूटना नहीं चाहिए। सभी ऑफिसर अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को भी अच्छी तरह से प्रशिक्षित करें ताकि पूरा कार्य तय समय में संपन्न हो सके।



जींद। दिशा-निर्देश देते हुए डीसी मोहम्मद इमरान रजा। *फोटो: हरिभूमि*

#### जनगणना देश का महत्वपूर्ण प्रशासनिक कार्यः डीसी

डीसी मोहम्मद इमरान रजा शुक्रवार को एडीसी कार्यालय के सभागार में आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला के समापन अवसर पर बोल रहे थे। इस अवसर पर डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि जनगणना देश की सबसे महत्वपूर्ण प्रशासनिक प्रक्रिया है, जिसके आधार पर सरकार द्वारा विभिन्न विकास योजनाएं तैयार की जाती हैं। प्रथम चरण में हाउस लिस्टिंग की जाएगी। जनगणना का उद्देश्य केवल जनसंख्या की गणना करना ही नहीं बल्कि देश के सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक विकास से संबंधित आंकड़े एकत्रित करना है। कार्यशाला में अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

---

## भागवत कथा जीवन को बनाती है सफल : डा. नरेश

- दखनिया मंदिर में आयोजित की जा रही है भागवत कथा

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

भागवत कथा सुनना और भजन करना जीवन को सफल बना देता है। यह बात शुक्रवार को जींद के दखनिया मंदिर में चल रही भागवत कथा में शुक्रवार को आचार्य डा. नरेश चंद्र शास्त्री ने कही। उन्होंने कहा कि भागवत कथा सुनना और इसे करवाना खुद में बहुत बड़ा पुण्य है। कथा के दौरान उन्होंने भगवान श्री कृष्ण की लीला का जीवंत वर्णन कर सभी को भगवान कृष्ण की भक्ति के रंग में रंग दिया। दखनिया मंदिर में भागवत कथा 18 मार्च तक होगी। भागवत कथा पीयूष मित्तल, कुलदीप मित्तल, श्रवण मित्तल द्वारा करवाई जा रही है।




जींद। दखनिया मंदिर में भागवत कथा करते आचार्य डा. नरेश चंद्र शास्त्री।

---

**व्यवस्था** | कृषि सीजन को लेकर साइलो में व्यवस्थाओं की समीक्षा

## खरीद सीजन शुरू होने से पहले मंडी में सभी व्यवस्थाएं समय रहते की जाएं पूरी : सतपाल

- ढांड में अधिकारियों के साथ बैठक कर भंडारण और प्रबंधन की तैयारियों पर की विस्तृत चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ढांड

कृषि सीजन को ध्यान में रखते हुए ढाण्ड स्थित साइलो परिसर में क्षेत्र के विधायक सतपाल जांबा ने संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर फसल के सुचारू प्रबंधन और भंडारण व्यवस्थाओं की समीक्षा की। बैठक में विशेष रूप से इस बात पर चर्चा की गई कि फसल खरीद के दौरान किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। इसके लिए साइलो परिसर में पर्याप्त स्थान, सुचारू आवक व्यवस्था, भंडारण क्षमता और अन्य जरूरी सुविधाओं को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।



ढांड। विधायक सतपाल जांबा ढांड में अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए।

#### किसानों की सुविधा सर्वोपरि

विधायक सतपाल जांबा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कृषि सीजन शुरू होने से पहले सभी व्यवस्थाएं समय रहते पूरी कर ली जाएं। उन्होंने कहा कि गेहूं और अन्य फसलों की खरीद के दौरान किसानों को लंबी कतारों, स्थान की कमी या परिवहन संबंधी किसी भी परेशानी का सामना नहीं करना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि किसानों की सुविधा को सर्वोपरि रखा जाए। किसानों को अपनी फसल बेचने कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। विधायक ने कहा कि किसानों की मेहनत देश की खाद्य सुरक्षा की आधारशिला है और उनकी फसल निर्धारित एमएसपी पर खरीदना तथा भंडारण सुनिश्चित करना प्रशासन की जिम्मेदारी है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि क्षेत्र के किसानों को हर संभव सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी और फसल खरीद प्रक्रिया को व्यवस्थित और सुचारू रखा जाएगा। इस अवसर पर जिला परिषद के सीईओ सुरेश राविश, मार्किट कमेटी पाई के चेयरमैन कृष्ण शर्मा पिलनी सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी और साइलो प्रबंधन से जुड़े प्रतिनिधि भी मौजूद रहे, जिन्होंने कृषि सीजन के दौरान व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक सुझाव भी प्रस्तुत किए।